एक नजर में

### अंजनीलाल धाम पर तुलसी बीजरोपण आज

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** प्रतिवर्षानुसार इस बार भी आज तुलसीदास जयंती के अवसर पर नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर तुलसी जी के पौधे का बीजरोपण किया जाएगा. समारोह पूर्वक धार्मिक आयोजन के बीच बीजरोपण कार्यक्रम होगा. उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष तुलसीदास जयंती पर तुलसीजी के पौधे के बीज का रोपण श्रद्धालुओं के द्वारा किया जाता है. इसी तारतम्य में आज प्रात: 10 बजे मंदिर धाम पर तुलसीदासजी की पूजा-अर्चना पश्चात तुलसीजी के बीज का रोपण किया जाएगा. लगभग एक हजार पैकेट में बीजरोपण किया जाएगा. विदित है कि जब यह पौधे बड़े हो जाते है तो देवउठनी ग्यारस पर मंदिर धाम से ही श्रद्धालुओं में इनका वितरण किया जाता है. मंदिर ट्रस्ट परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में मंदिर धाम पहुंचकर आज होने वाले तुलसीजी के बीज रोपण कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है.

### विष्णु दत्त गुप्ता का स्वर्गवास, अंत्येष्टि आज

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी और शिक्षाविद् विद्यासागर, प्रबोध कुमार और सत्य प्रकाश गुप्ता के पिताजी श्री विष्णु दत्त गुप्ता का आज 99 वे वर्ष की आयु में स्वर्गवास हो गया. उनकी शवयात्रा रविवार को प्रात: 11.30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम के लिये जूना ब्यावरा स्थित उनके आवास से शुरू होगी. श्री गुप्ता धार्मिक प्रवृत्ति के सहज, सरल स्वभाव के व्यक्ति थे. उनका महर्षि अरविंद के प्रति गहरा लगाव था. उन्होंने श्री शिवदत्त भारद्वाज के साथ विश्वप्रेम मंदिर की स्थापना की थी. वे हमेशा धार्मिक, सामाजिक गतिविधियों में अपने को समर्पित रखते थे. ईश्वर के प्रति उनकी अगाद्य आस्था थी लेकिन वे किसी दिखावे से हमेशा दूर रहते थे. वे आनंद, विवेक, रामकृष्ण, चेतन के दादाजी थे. पिछले कुछ दिनों पूर्व ही परिवार के साथ उन्होंने अपना 98 वां जन्मोंत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया था. वे अंतिम समय तक विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय रहे. उनकी अंतिम यात्रा रविवार को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान जूना, ब्यावरा से राजगढ़ रोड स्थित मुक्ति धाम के लिए प्रस्थान करेगी.



### रिपोर्ट लिखाने काट रहा थाने के चक्कर

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** नगर के बखतपुरा में रहने वाले फरियादी दयाराम पिता जमनालाल कुशवाह ने बताया कि वह पिछले एक माह से चोरी की रिपोर्ट लिखाने के लिये थाने का चक्कर काट रहा है. उसके अनुसार वह 4 जुलाई 2024 को पेंची काम से गये हुए थे. घर पर पत्नी थी जो प्रात: 10 बजे दरवाजा लगाकर कुएं पर गई थी. 11.30 बजे जब वापस आई तो सामान बिखरा हुआ था. कमरे की खिड़की टूटी होकर गोदरेज अलमारी से चांदी की तगड़ी 250 ग्राम, पायजेब 250 ग्राम, एक तौले की सोने की झुमकी, सोने की अंगूठी, तीन पाव का करदौना, लड़की की एक तगड़ी 250 ग्राम, 500 ग्राम का करदौना सहित अन्य सोने, चांदी के आभूषण करीब साढ़े चार लाख रुपये कीमत के थे वह चोर ले गये. इसकी रिपोर्ट देहात पुलिस थाने को की गई. शंका के आधार पर कुछ लोगों को थाने पर लाई ओर फिर छोड़ दिया गया. फरियादी का कहना है कि मैरे द्वारा कई बार थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करने तथा आरोपियों को पकड़ने की गुहार लगाई गई परन्तु हर बार टालमटोल कर उलटे मुझसे आरोपियों के बारे में पूछा जाता है.

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता

ब्यावरा में पंवार और सारंगपुर में राज्यमंत्री टेटवाल, सांसद कार्यक्रम में शामिल हुए

**सभी विस क्षेत्र में विधायकों ने कार्यक्रम में शामिल हो मातृ शक्ति का किया सम्मान**





नवभारत न्यूज

**सारंगपुर/ब्यावरा 10 अगस्त, सं.** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं. हमारी बहनें स्वालंबी बने. इसको लेकर ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1250 रुपए हर माह और इस माह रक्षाबंधन का उपहार 250 रुपए अतिरिक्त राशि के रुप में प्रदान की है. हमारी सरकार स्व सहायता समूह की बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन दीदी बनाने हेतु केंद्र व राज्य सरकार कार्य कर रही है.

उक्त बात राज्य मंत्री गौतम टेटवाल की अध्यक्षता में सारंगपुर के राठी परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना कार्यक्रम में कही. लाडली बहनों ने राज्य मंत्री श्री टेटवाल व सांसद रोडमल नागर को राखी बांधकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

जिला विकास व निगरानी समिति के सदस्य ज्ञान सिंह गुर्जर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया. विजयपुर से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण सुना व देखा गया.

इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर महीप कुमार तेजस्वी, जनपद अध्यक्ष सारंगपुर देव नगर, नपाध्यक्ष सारंगपुर पंकज पालीवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संजय उपाध्याय, महिला बाल विकास अधिकारी श्रीमती सुनीता यादव सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे.

#### नई तकनीक, रोजगार से आत्मनिर्भर हो रही महिलाएं-पंवार

ब्यावरा में कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में लाडली बहनों ने राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार को राखी बांधकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. राज्यमंत्री श्री पंवार ने कहा कि हमारी सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं को स्व सहायता समूह से जोड़कर नई-नई तकनीक व रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बना रही है.

इस अवसर पर मंत्री श्री पंवार ने आजीविका मिशन के माध्यम से एक करोड़ 47 लाख रूपये की राशि महिला समूह को सोंपी. इसमें दीपक कौशिक, पंकज शर्मा, विष्णु दांगी, रंजीत शिर्के आदि का प्रभावी सहयोग रहा. उक्त कार्यक्रम को पूर्व राज्य मंत्री बद्रीलाल यादव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, अमित शर्मा ने भी संबोधित किया. इस अवसर पर मानसिंह टोका, चंदन अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे.



### सरकार ने संवारी बहनों की जिंदगी-विधायक

**राजगढ़ 10 अगस्त, का.** भाजपा सरकार ने मात्र शक्तियों व बहनों के जीवन में बदलाव लाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बहनों की चिंता करते हुए उन्हें आगे बढ़ाने में सहायक हो रहे है. उक्त बात राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने बहनों को संबोधित करते हुए कही.

विधायक श्री यादव ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिये चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि हमारी सरकार मातृ शक्ति के प्रति समर्पित है. प्रारंभ में श्री यादव ने लाड़ली बहनों से राखी बंधवाई. इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, प्रताप मंडलोई,नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू ,जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह हाडा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया , रामचंद्र जलालिया , महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता दुबे ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष केपी पंवार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूल सिंह तंवर, श्याम मंडलोई, श्याम गुर्जर,आनंद त्रिपाठी आदि मौजूद थे.

## समाज के वरिष्ठजनों का किया सम्मान

चौरसिया समाज द्वारा नागपंचमी पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** चौरसिया समाज द्वारा नागपंचमी पर्व पर समाज के वरिष्ठजनों, प्रतिभाओं का सम्मान किया.अरिहंत गार्डन में समाज द्वारा कुल देवता नाग महाराज की पूजा-अर्चना की गई. वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया. समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद चौरसिया, गेंदालाल चौरसिया, नरेन्द्र चौरसिया, लक्ष्मीनारायण चौरसिया का श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया. योगीराज चौरसिया के अस्वस्थ होने पर उनके निवास पहुंचकर सम्मान किया गया.

महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये. समाज के कक्षा 8 से 12 वीं तक 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया. नवयुवक मंडल द्वारा समिति का गठन किया गया. महिलाओं द्वारा बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया.




### जर्जर भवन जमींदोज

**तलेन 10 अगस्त, सं.** नगर परिषद द्वारा जीर्ण शीर्ण भवनों को तोड़ने की कार्रवाई की गई. वार्ड क्रमांक एक मिर्जापुर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय का भवन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में पुराना भवन एवं गांधी चौक स्थित पुरानी नगर परिषद बिल्डिंग को जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण तोड़ने की कार्यवाही की गई.

## बंगलादेश को लेकर गंभीर रहे सरकार

महामंडलेश्वर नवल गिरी ने चिंता जता सरकार से आवश्यक कदम उठाने को कहा



नवभारत न्यूज

**सुठालिया 10 अगस्त, सं.** बंगलादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार को लेकर उनकी सुरक्षा के लिए सरकार को जल्द ही उचित कदम उठाना चाहिए अगर हिंदू सुरक्षित रहेगा तो पूरा विश्व सुरक्षित रहेगा.

उक्त बात श्री दुर्गा शक्ति पीठाधीश्वर एवं अनन्त श्री विभूषित ब्रजशिरोमणि श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी जी महाराज श्री पंचदशनाम ( जूना अखाड़) श्री धाम वृन्दावन ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही.

उन्होंने कहा की सनातन धर्म हमेशा शांति का संदेश देता है . यदि विश्व में कही भी हिंदुओं पर अत्याचार होते है तो सरकार को तुरंत कदम उठाकर उन्हें रोकना चाहिए. महाराजश्री मां सुंदरमयी वैष्णो देवी धाम मंदिर पर पहुंचे जहां पार्षद आकाश अग्रवाल एवं मंदिर परिवार द्वारा मां वैष्णो देवी की तस्वीर भेट कर चुनरी ओढ़ाई. विद्यालय अग्रवाल अकेडमी में उनका पाद पूजन किया एवं बच्चों को उन्होंने आशीर्वचन दिए. इस अवसर पर विद्यालय संचालक दीपक गोयल, महेश गोयल, प्राचार्य भगवानदास वर्मा, संजय अग्रवाल, रमेश जैन, नन्नूलाल वर्मा, कमलेश साहू, ऋषभ अग्रवाल सहित नागरिक उपस्थित रहे.




## विधायक ने बंधवाई राखी

नवभारत न्यूज

**कुरावर 10 अगस्त, सं.** स्थानीय अग्रवाल मांगलिक भवन में विधायक मोहन शर्मा ने लाडली बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाया और उनकी रक्षा का वचन दिया.

नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई बाला प्रसाद चंद्रवंशी, पार्षद मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में मनोज गोयल, मोती सिंह बिलहरी, पार्षद सचिन गिरी राजकुमार चौकसे, रमेश मालवीय, प्रेमदास वैष्णव, लखन चौहान, जुगल जामलिया, सुनील राज, मोहन वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी के.वी सिंह, परियोजना अधिकारी दिव्या तिर्की, नायब तहसीलदार, श्याम बाबू दागी पटवारी, नगर परिषद के अरविंद मिश्रा, अमन मुद्गल उपस्थित रहे.

## बुलडोजर से ध्वस्त किए जर्जर भवन



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 अगस्त, का.** राजगढ़ नगर पालिका द्वारा शहर में स्थित जर्जर भवनों को चयनित करते हुए शनिवार से उन पर कार्यवाही शुरु की. शहर के चिन्हित भवन को बुलडोजर की मदद से धराशाही करने का काम किया जा रहा है. शनिवार को नगर के पूरे में स्थित पुराने जर्जर भवनों को नगर पालिका टीम ने बुलडोजर की मदद से गिराया. आगामी दिनों में भी कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी. नगर पालिका द्वारा एक टीम का गठन करते हुए शहर में ऐसे भवन जो जर्जर अवस्था में हैं उन्हें चयनित करने और धराशाई करने के लिए दल भी गठित किया गया है.

#### 13 भवनों पर चलेगा नपा का बुलडोजर

नगर में स्थित जर्जर निजी व सरकारी भवनों को चयनित कर पूर्व में 34 जीर्ण शीर्ण भवनों पर कार्यवाही करते हुए उनको धराशाही किया जा चुका है, 13 भवन और चिन्हित किए है.

हाल ही में सर्वे कर नगर में विभिन्न स्थानों पर 13 और ऐसे भवन चिन्हित किए है जो जीर्णशीर्ण अवस्था में होकर गिरने की स्थिति में है. उन पर भी नगर पालिका द्वारा कार्यवाही की जा रही है.



## लाड़ली बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** रक्षाबंधन को लेकर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम गांगाहोनी में लाडली बहनों के द्वारा रक्षा सूत्र बांधे गये.

कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जनपद सदस्य इंदर सिंह लववंशी अतिथि के रुप में मौजूद रहे, उनके द्वारा लाडली बहनों से राखी बंधवाकर उपहार भेंट किए गये. रक्षा बंधन के अवसर पर रक्षा सूत्र बांधने तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधे लगाकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया. इस अवसर पर सरपंच, सचिव, पंच सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## फौजी भाईयों के लिए भेजे रक्षा सूत्र

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 10 अगस्त, सं.** विगत वर्ष की तरह इस बार भी परफेक्ट एकेडमी नवीन भावसार,वंदना दांती आरडीएक्स ग्रुप के माध्यम से सैनिक भाईयो के लिए रक्षा सूत्र भेजे गए.

कार्यक्रम में सीपीसीटी छात्रा कविता वर्मा का सम्मान किया गया. इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद ,संस्था के विद्यार्थी उपस्थित रहे. संचालन राम बरेठा और वैभव भावसार ने किया. आभार विष्णु सिसोदिया ने माना. रक्तदाता समूह जीरापुर द्वारा चलाए जा रहे फौजी भाइयों के लिए नगर के सभी स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग संस्थान और नगर के मोहल्लों से रक्षा सूत्र एकत्रित किए जा रहे. रक्तदाता समूह के संस्थापक जय गुप्ता



झालावाड़, नरेंद्र दांगी, राम दांगी, महेश कुमार दांगी, बालचंद दांगी, दिलीप बैरागी, सुरेश दांगी, दीपक शर्मा, राजेश मीणा आदि कार्यकर्ता फौजी भाइयों के लिए रक्षासूत्र एकत्रित कर रहे है.

### सुबह 10से 2 बजे तक होगा मेंटनेंस

**राजगढ़ 10 अगस्त, का.** बिजली विभाग द्वारा आज रविवार को 33 केवीए लाइन का मेंटेनेंस सुबह 10 बजे से 2 बजे तक होगा. जिसमें प्रभावित क्षेत्र कलेक्ट्रेट कार्यालय, गिरनार सिटी, फर्स्ट सेकंड, कालाखेत, इंदिरा कॉलोनी, पुरा, स्टेडियम परिसर, स्टेडियम के पीछे वाली कॉलोनी, अंजनीलाल मंदिर, खिलजीपुर रोड पर दोपहर 2 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रहेगी.

## प्रदूषित पेयजल से तीन दर्जन बीमार पड़े

उल्टी-दस्त की शिकायत पर ग्राम कुंअर कोटरी में स्थिति बिगड़ी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 अगस्त,का.** नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम कुंअर कोटीर में पिछले दो दिनों में तीन दर्जन से अधिक लोग प्रदूषित पेयजल के कारण बीमार पड़ गये. इन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के लोगो ने हेडपंप और अन्य कुंए आदि का पानी पी लिया था जो प्रदूषित था. इसके आसपास गंदगी का आलम था. इस गंदगी का पानी जहर बनकर हेडपंप के माध्यम से आया और ग्रामीणों का इसको पीना हुआ.

स्वास्थ्य विभाग की जानकारी में आने के बाद ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ा दल गांवों में पहुंचा. डा महेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि कुल 32 मरीजों को उल्टी दस्त की शिकायत पाई गई. इनमें से दो मरीजों को भोपाल रिफर किया गया. बाकी का स्वास्थ्य ठीक है.

इनका स्थानीय स्तर पर उपचार के बाद वे ठीक हो गये है.उन्होंने ग्रामीणों को बारिश के समय स्वच्छ पानी पीने की सलाह दी.

अव्यवस्था | गर्मी से बिगड़ी पेयजल व्यवस्था में नहीं आ पा रहा सुधार

# डेम लबालब फिर भी आठवें दिन पेयजल

**मौसम सुधरा पर पेयजल की व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 अगस्त, का.** भीषण गर्मी में इस बार नागरिकों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ा. बारिश होने तथा कुशलपुरा डेम में पर्याप्त पानी की उपलब्धता होने के बाद यह सोचा था कि अब पेयजल सप्लाई व्यवस्था में सुधार होकर जल संकट से राहत मिल सकेगी. किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ. वर्तमान में भी आठवें दिन पेयजल सप्लाई हो पा रही है.

गौरतलब है कि गर्मी में नगर में पेयजल सप्लाई का अंतराल बढ़कर 12 से अधिक दिनों पर जा पहुंचा था. चहुंओर पानी के लिए त्राहि-त्राहि मचने लगी. पानी को लेकर प्रदर्शन भी हुए. फिर भी जल संकट से राहत नहीं मिली. गर्मी के दिनों में जल संकट से जूझना पड़ा. बारिश शुरु होने तथा नगर में पानी की सप्लाई करने वाले कुशलपुरा डेम में पानी की अच्छी खासी उपलब्धता होने पर जल संकट से राहत की उम्मीद जागी लेकिन हालात आज भी जस के तस है.

#### खराब हुई तो समय पर नहीं सुधरती ट्यूबवेल

पेयजल संकट के कारण लोगो को आठवें दिन में पानी नसीब हो रहा है. बारिश में भी नागरिकों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है. ट्यूबवेल, कुएं, हेण्डपम्प से पानी लाने को मजबूर है, किंतु समस्या उस समय और पीड़ादायक हो जाती है जब ट्यूबवेल भी खराब हो जाती है और कई दिनों तक बंद रहती है. विगत दिवस राजगढ़ रोड पर श्रीराधाकृष्ण मंदिर के सामने मामूली इलेक्ट्रिक खराबी के कारण सप्ताह भर तक ट्यूबवेल बंद पड़ी रही जिसके कारण आसपास के नागरिकों, दुकानदारों को पानी के लिए काफी परेशानी हुई.

#### डेम में भराया 416 .95 मीटर पानी

नगर को पानी की सप्लाई करने वाला कुशलपुरा डेम विगत दिवस हुई झमाझम बारिश से लबालब हो गया है. डेम में पानी संग्रहण की क्षमता समुद्र तल से 418.90 मीटर है, जबकि वर्तमान में डेम में 416.95 मीटर तक पानी का संग्रहण हो चुका है. सिंचाई विभाग के एसडीओ श्री अग्रवाल के अनुसार डेम में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता हो गई है.

नपा का कहना है कि नगर में कुशलपुरा एवं घोड़ापछाड़ नदी से पेयजल की सप्लाई होती है., घोड़ापछाड़ नदी के वॉटर सप्लाई प्लांट पर विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने से वहां से पेयजल सप्लाई नगर में नहीं हो पा रही थी. पेयजल सप्लाई प्रभारी रमेश यादव के अनुसार अब विद्युत ट्रांसफार्मर ठीक होने पर वहां से नगर में पेयजल सप्लाई प्रारंभ हो गई है, जल्द ही नगर में पेयजल सप्लाई के अंतराल के दिनों में कमी आकर पेयजल सप्लाई सुचारु होगी.

#### कई जगह आठवें दिन हुई सप्लाई

शनिवार को बर्तन फेक्ट्री, सिंह वाहिनी मंदिर क्षेत्र में पेयजल सप्लाई हुई इसके पूर्व यहां 2 अगस्त का पेयजल सप्लाई हुई थी. इसी प्रकार रवि शंकर कॉलोनी, पुनीत टॉकीज क्षेत्र में सप्लाई हुई इसके पूर्व यहां 3 अगस्त को सप्लाई हुई थी.


क्राईस्ट कॉलेज,
ब्यावरा जिला राजगढ़
B.ed अतिरिक्त चरण
प्रवेश प्रारंभ - 2024-25
योग्यता :- स्नातक/स्नातकोत्तर
OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
कॉलेज कोड - 384
ऑनलाईन पंजीयन एवं शिक्षण संस्थान का चयन 11/07/24 से 15/07/24 तक
हेल्प सेंटर पर दस्तावेज सत्यापन 11/07/24 से 16/07/24
सीट आवंटन 25/07/24
आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश हेतु शुल्क रसीद मूल TC/माईग्रेशन, गेप 25/07/24 से 30/07/24 तक
नोट- त्रुटिपूर्ण दस्तावेज हेतु निकट के हेल्प सेंटर में दिनांक 11.07.2024 से 18.07.2024 तक स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन कराये
संपर्क - 9340135607, 9826197054
7803874337, 9425021625,
Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh
12 जुलाई से -12 अगस्त 2024